कुँवर्स एजुकेशनल फाउण्डेशन की बैठक दिनांक 11.04.2022 का कार्यवृत्त

दिनांक 04.04.2022 को प्रसारित सूचना के आधारित एजेण्डा के आलोक में आज दिनांक 11.04.2022 व कुँवर्स एजुकेशनल फाउण्डेशन, 27/6के, 3 वे रोड, राम मोहन राय मार्ग, लखनऊ के निदेशक मण्डल की बैठ निदेशक श्री राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में कुँवर्स एजुकेशनल फाउण्डेशन के बैठक कक्ष में प्रातः 10.00 ब निम्नलिखित एजेण्डा के आलोक में बैठक आरम्भ हुई।

एजेण्डाः-

1- निदेशक मण्डल की पिछली बैठक की पुष्टि हेतु प्रस्ताव।
2- डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना की अनुमति का प्रस्ताव।
3- अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

क्रमांक	नाम	पद	हस्ताक्षर
1-	श्री राजेश कुमार सिंह	निदेशक	
2-	श्रीमती सुनीता सिंह	निदेशक	

गणपूर्ति को ध्यान में रखते हुये अध्यक्ष महोदय ने कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की। बैठक कार्यवाही आरम्भ हुईः-

<u>प्रस्ताव-1-</u> निदेशक मण्डल की पिछली बैठक कार्यवाही निदेशक श्रीमती सुनीता सिंह ने पढ़कर सुनाया। उपस्थि सभी सदस्यों ने पिछली कार्यवाही की पुष्टि की।

<u>प्रस्ताव-2-</u> श्री राजेश कुमार सिंह, निदेशक ने यह प्रस्ताव किया कि कम्पनी द्वारा ग्राम-गनेशपुर रहमानपुर, दया फार्म, देवा रोड, जनपद-लखनऊ में एक डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना एवं संचालन किया जा समाज हित में आवश्यक प्रतीत होता है।

<u>अनुमोदन-</u> उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से ग्राम-गनेशपुर रहमानपुर, दयाल फार्म, देवा रोड, जनपद लखनऊ में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना के इस प्रस्ताव का समर्थन किया और स्थापना सम्बन कार्यवाही हेतु निदेशक श्री राजेश कुमार सिंह को अधिकृत किया तथा उक्त कॉलेज की स्थापना में जैसे-भूमि, भव फर्नीचर, वेतन, आदि मदों में व्यय हेतु कम्पनी के कोष से धन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया एवं इन कार्यों हे भी निदेशक श्री राजेश कुमार सिंह को अधिकृत किया गया।

<u>प्रस्ताव-3-</u> श्रीमती सुनीता सिंह, निदेशक ने प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज के नामकरण व आवश्यकता से अवगत कराया तथा प्रस्तावित संस्थान हेतु 'कुँवर्स कॉलेज ऑफ फार्मेसी (Kunwars College o Pharmacy)' नाम प्रस्तावित किया।

<u>अनुमोदन-</u> उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज का नाम 'कुँव कॉलेज ऑफ फार्मेसी' (Kunwars College of Pharmacy) रखने का समर्थन किया।

<u>प्रस्ताव-4-</u> श्री राजेश कुमार सिंह, निदेशक ने यह प्रस्ताव किया कि प्रस्तावित कॉलेज हेतु भूमि चिन्हित कर दिय जाय तथा ग्राम-धावां, परगना, तहसील व जिला-लखनऊ एवं ग्राम-गनेशपुर रहमानपुर, दयाल फार्म, देवा रोड जनपद-लखनऊ में उपलब्ध कम्पनी की भूमि गाटा सं.-394स. रकबा 1.012 हे. में से 0.557 हे. एवं गाटा सं.-189स

रकबा 0.253 कुल रकबा-0.810 हेक्टेयर (2.00 एकड़) को उक्त प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज हेतु चिन्हित कर दिया जाय।

अनुमोदन- उपस्थित सभी सदस्यों के सम्मत विचारोपरान्त सर्व सम्मति से ग्राम-धावां, परगना, तहसील व जिला-लखनऊ एवं ग्राम-गनेशपुर रहमानपुर, दयाल फार्म, देवा रोड, जनपद-लखनऊ में उपलब्ध कम्पनी की भूमि गाटा सं.-394सं. रकबा 1.012 हे. में से 0.557 हे. एवं गाटा सं.-189सं. रकबा 0.253 कुल रकबा-0.810 हेक्टेयर (2.00 एकड़) को 'कुँवर्स कॉलेज ऑफ फार्मेसी' (Kunwars College of Pharmacy) के निर्माण एवं संचालन हेतु चिन्हित किया तथा निदेशक श्री राजेश कुमार सिंह को उक्त भूमि पर निर्माण व संचालन एवं सभी विधिक दस्तावेजो पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत किया गया।

प्रस्ताव-5- श्रीमती सुनीता सिंह, निदेशक ने प्रस्तावित 'कुँवर्स कॉलेज ऑफ फार्मेसी' (Kunwars College of Pharmacy) के सुगम संचालन एवं प्रबन्धन हेतु कम्पनी के निदेशक श्री राजेश कुमार सिंह को उक्त कॉलेज के संस्था प्रमुख/प्रबन्धक (Head of Institution/Manager) के पद पर नियुक्ति का प्रस्ताव किया।

अनुमोदन- उपस्थित सभी सदस्यों ने विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से निदेशक श्री राजेश कुमार सिंह को प्रस्तावित 'कुँवर्स कॉलेज ऑफ फार्मेसी' (Kunwars College of Pharmacy) के संस्था प्रमुख/प्रबन्धक (Head of Institution/Manager) के पद पर नियुक्ति के प्रस्ताव का समर्थन किया तथा अध्यक्ष महोदय ने नियुक्ति पर अपना अनुमोदन दिया तथा अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन से सभा ने प्रस्तावित 'कुँवर्स कॉलेज ऑफ फार्मेसी' (Kunwars College of Pharmacy) की स्थापना एवं संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही, विधिक एवं सामान्य सभी प्रक्रियाओं के निस्पादन एवं सभी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत एवं निर्देशित किया।

अन्य विषय/प्रस्ताव न होने की स्थिति में अध्यक्ष महोदय को धन्यवादोपरान्त सभा की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

For Kunwars Educational Founda

Di

For Kunwars Educational Foundation

Director

For Kunwars Educational Foundation

Director